nt>

12.52 hrs.

Re: Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana

Title: Matters regarding `Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna`.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, पूर्व की सरकार ने इस देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू की थी। उससे राजस्थान और देश के कई गांवों को बहुत बड़ा फायदा हुआ था। वर्तमान सरकार, खासकर ग्रामीण विकास मंत्री जी से मैं निवेदन करना चाहूंगा कि पिछले काफी समय से राजस्थान में जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का काम शुरू हुआ था, वह काम रुका पड़ा है, क्योंकि उसके लिए पैसा नहीं मिल रहा है। एक तरफ तो राजस्थान में अकाल है और दूसरी तरफ यह काम रुकने से गांवों में लोगों में एक आक्रोश की भावना पैदा हो रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से ग्रामीण ि वकास मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान के अकाल को देखते हुए और जो प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पैसा रोका हुआ है, वह पैसा तुरन्त वहां भेजें ताकि वहां के लोगों को रोजगार मिल सके और लोगों को सुविधा भी मिल सके। यह मैं खास तौर से निवेदन करना चाहूंगा।

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : तुरन्त 150 करोड़ रुपया राजस्थान को भेज दिया है और वहां सब काम दनादन शुरू हो गया है, माननीय सदस्य को मैं यह जानकारी देना चाहता हूं। हमने 150 करोड़ रुपया तुरन्त भेज दिया है।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : तुरन्त जवाब भी मिल गया और रुपया भी मिल गया।